Bareilly, Monday,
13 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO. 04 MIDDLE

शरीर में सूजन या पेशाब में अचानक कमी को न करें अनदेखा

एसआरएमएस में पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस का समापन हुआ • सौ. एसआरएमएस

जासं, बरेली : शरीर में सूजन, पेशाब की मात्रा का कम होने आदि को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। हो सकता है यह किडनी की किसी समस्या के संकेत हों, इसलिए समय-समय पर जांच कराते रहें। यह बातें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को संपन्न हुई पहली नेफ्रोकान कांफ्रेंस में गुर्दा विशेषज्ञों ने कहीं।

नेफ्रोकान कांफ्रेंस का शनिवार को उद्घाटन बिथरी चैनपुर के विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने किया। दूसरे दिन ओरल पेपर प्रेजेंटेशन हुए। इसमें आठ पीजी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डा. एमपी रावल, डा. राजीव टंडन, डा. इरफान अहमद, डा. दिव्यांत रावत और डा. जेएस विश्नोई ने इसमें निर्णायक की भूमिका निभाई। पेपर प्रेजेंटेशन में एसआरएमएस के डा. अनुभव और जसलीन को पहला और दूसरा स्थान मिला। राजश्री मेडिकल कालेज के डा. नितिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में पहला स्थान संयुक्त रूप से एसआरएमएस मेडिकल कालेज की डा. सृष्टि वाधवा और डा. श्रद्धा श्रीवास्तव ने हासिल किया। इस मौके पर आर्गनाइजिंग चेयरमैन डा. स्मिता गुप्ता और डा. संजय कुमार, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. विद्यानंद, डा. ललित सिंह, डा. रोहित टंडन, डा. दीपक दास, डा. सुदीप सरन, आदि मौजूद रहें।